# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, मेड़ता रोड (नागौर)

ई–मेल– Mbmertaroad@gmail.com

क्रमांक : न.पा.मे. /349

दिनांक 06-08-25

## निविदा सूचना

नगरपालिका मण्डल मेडता रोड द्वारा वर्ष 2025–2026 हेतु पंजीकृत फर्म / संवेदको / व्यक्तियो के माध्यम से कार्य सम्पादित करवाये जाने हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रस्तावित कार्यो की निविदाएं दिनांक 14.08.25 को दोपहर 01:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 14.08.25 को दोपहर 03:00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जावेगी । उक्त निविदा सूचना वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**निविदा का विवरण निम्न प्रकार है :–**

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाखो में) | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैली इम्प्लीमेंटेशन का कार्य, लेखों का दोहरा लेखा प्रणाली से संचालन, बैंक रेकन्सीलिएशन सम्बन्धी कार्य, आयकर व जी. एस.टी. विवरणी एवं अन्य सम्बन्धित कार्य दर संविदा के आधार पर करवाये जाने हेतु सद्भावी, संव्यवहारी, अनुभवी सनदी लेखाकार (सी.ए.) फर्मो से कार्य | 5.00 | 10000 | 500 |

शर्ते : (1) निविदा को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है । (2) निविदा विक्रय या प्राप्ति की निर्धारित दिनांक को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस को विक्रय / प्राप्ति की जाएगी । (3) शेष अन्य शर्ते कार्यालय समय मे देखी जा सकती है ।

अध्यक्ष
नगरपालिका मेडता रोड़

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मेडता रोड

क्रमांक : न.पा.मे. /350 to 352

दिनांक 06.08.2025

प्रतिलिपि :

1. नोटिस बोर्ड नगरपालिका मेडता रोड ।
2. श्रीमान् प्रबंधक राजस्थान संवाद जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा सूचना स्थानीय समाचार पत्र के आगामी अंक में कम से कम स्थान में प्रकाशित कराने का कष्ट करावे ।
3. सुरक्षित पत्रावली

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मेडता रोड़

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, मेड़ता रोड (नागौर)

ई–मेल–Mbmertaroad@gmail.com

क्रमांक : न.पा.मे. / दिनांक

## निविदा प्रपत्र

1. निविदा प्रकाशन तिथि : 08.08.2025
2. निविदा देने की तिथि : 14.08.2025
3. निविदा खोलने की तिथि : 14.08.2025
4. धरोहर राशि रू. : 10000/–
5. निविदा शुल्क रू. : 500/–

संवेदक / फर्म का नाम व पता : श्री......................................................................................................

........................................................................................ जमा धरोहर राशि बुक नं..........................

रसीद नं.............................. दिनांक........................................

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | प्रस्तुत दर |
|---|---|---|
| 1 | टैली इम्प्लीमेंटेशन का कार्य, लेखों का दोहरा लेखा प्रणाली से संचालन, बैंक रेकन्सीलिएशन सम्बन्धी कार्य, आयकर व जी.एस.टी. विवरणी एवं अन्य सम्बन्धित कार्य दर संविदा के आधार पर करवाये जाने हेतु सद्भावी, संव्यवहारी, अनुभवी सनदी लेखाकार (सी.ए.) फर्मो से कार्य | |

**नोट :– निविदा शर्ते**

1. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार पालिका के पास होगा।
2. समस्त प्रकार के कर सम्बंधित फर्म के होगें।
3. फर्म का जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य है व फर्म का पेन कार्ड होना अनिवार्य है।
4. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

हस्ताक्षर निविदादाता

नाम व पता....................................

....................................................

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, मेड़ता रोड (नागौर)

ई–मेल– Mbmertaroad@gmail.com

क्रमांक : न.पा.मे. / दिनांक

## निविदा की विशिष्ट शर्ते

1. सी.ए. फर्म ICAI के अन्तर्गत प्रेक्टिसिंग फर्म होनी चाहिए जिसमे 5 या अधिक भागीदार होने आवश्यक है ।
2. फर्म का एक office मेडता पंचायत समिति में स्थित होना आवश्यक है।
3. सी.ए. फर्म किसी भी सरकारी संस्थान के द्वारा Blacklisted नहीं होनी चाहिए।
4. बिडदाता फर्म GST के अंतर्गत रजिस्टर्ड होनी चाहिए।
5. बिडदाता फर्म C&AG के अंतर्गत empanelled होनी चाहिए।
6. बिडदाता फर्म ICAI द्वारा Peer Reviewed होनी चाहिए।
7. फर्म न्यूनतम पॉच पूर्ण वित्तीय वर्षो से ICAI Certificate अनुसार रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।
8. बिडदाता फर्म का विगत ३ वर्ष का औसत टर्नओवर 20 लाख से अधिक होना चाहिए (CA द्वारा प्रमाणित टर्नओवर सर्टिफिकेट तथा उक्त वर्षों के ITR प्रस्तुत करने होंगे)
9. फर्म द्वारा प्रस्तुत Particulars (यथा फर्म का Head office, Partner, कार्यरत Chartered Accountant इत्यादि) ICAI द्वारा जारी प्रमाण पत्र से मेल खानी चाहिए अन्यथा फर्म के आवेदन को अस्वीकार कर दिया जावेगा।
10. निविदा के माध्यम से आवंटित कार्य सम्पादित होने पर सम्बन्धित समस्त डाटा, दस्तावेज व सोफ्ट कॉपी तथा सम्बन्धित यूजर आई.डी., पासवर्ड इत्यादि कार्यालय को अविलम्ब उपलब्ध करवाने होंगे।
11. उपरोक्त निविदा के माध्यम से आवंटित समस्त कार्यो में त्रुटि होने पर अथवा कार्य निर्धारित समय /समयावधि में फर्म द्वारा पूर्ण नही किये जाने पर नियमानुसार शास्ति आरोपित की जावेगी, जिसकी जिम्मेदारी फर्म की होगी।
12. सफल निविदादाता को कार्य आदेश के जारी करने के दो दिवस में निविदा के 2.5 प्रतिशत की कार्य संपादन प्रतिभूति जमा करानी होगी। ऐसा नहीं करने पर उनकी दरें निरस्त कर दी जावेगी तथा बिड प्रतिभूति (इ.एम.डी) जब्त कर दी जावेगी।
13. सफल निविदादाता उक्त कार्य अन्य किसी दूसरी फर्म को सबलेट नहीं करेगा अगर सफल निविदादाता द्वारा किया गया तो निविदा निरस्त कर राशि जब्त कर ली जावेगी।
14. किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने पर ________________ द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा, जिसे सफल निविदादाता को मानना होगा।
15. विशिष्ट निविदा शर्तो एवं सामान्य निविदा शर्तो में कोई विरोधाभास होने पर विशिष्ट निविदा शर्ते मान्य होगी एवं इस सम्बन्ध में कार्यालय का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
16. फर्म को पूर्व में किसी भी राजकीय /स्वायतशासी संस्थान /» विश्वविद्यालय / निकाय आदि में न्यूनतम 3 वर्ष का उक्त कार्य अनुभव होना आवश्यक है। जिनकी पुष्टि हेतु प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना आवश्यक है।
17. सफल निविदादाता द्वारा किसी भी शर्त का उल्लघंन किया जाता है या प्रशासन के निर्देशों की पालना नहीं की जाती है तो अनुबंध को भंग करना माना जावेगा तथा ऐसी स्थिति में निविदा समाप्त कर प्रतिभूति राशि जब्त करने का पूर्ण अधिकार ____________________________ का होगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, मेड़ता रोड (नागौर)

## कार्य विवरण

1. वैधानिक दायित्वों के निर्धारण के लिए वाउचरों का संधारण टैली सॉफ्टवेयर में कर के तलपट, बैलेंस शीट, आय व्यय खाता, खाता बही, रोकड़ बुक, डे बुक, बैंक बुक इत्यादि
2. बैंक रेकन्सीलिएशन स्टेटमेंट वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रति बैंक प्रति माह
3. बैंकों की कॅश बुक संधारण करनी
4. फर्म को आयकर विभाग के नियमानुसार कार्यालय कार्मिकों/संवेदकों इत्यादि की आयकर की स्त्रोत पर कटौती की त्रैमासिक TDS विवरणी 24Q एवं 26Q तैयार कर निर्धारित तिथि से पूर्व आयकर विभाग मे दाखिल करनी होगी तथा नियमानुसार फार्म 16 एवं 16 ए तैयार कर कार्यालय को निर्धारित समय पर उपलब्ध करवाने होंगे एवं उनकी सॉफ्ट कॉपी कार्यालय को उपलब्ध करवानी होगी।
5. फर्म द्वारा कार्यालय की मासिक GST TDS विवरणी GSTR 7 तैयार कर दाखिल करनी होगी।
6. फर्म द्वारा कार्यालय की मासिक GST TDS विवरणी GSTR 3B तैयार कर दाखिल करनी होगी।
7. फर्म द्वारा कार्यालय की मासिक GST TDS विवरणी GSTR 1 तैयार कर दाखिल करनी होगी।
8. फर्म द्वारा कार्यालय की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक GST विवरणी GSTR-9 तैयार कर दाखिल करनी होगी।
9. फर्म द्वारा कार्यालय का वित्तीय वर्ष 2025-26 का GST का वार्षिक अंकेक्षण कार्य GSTR 9 तैयार कर दाखिल करनी होगी एवं प्रतिवदन तैयार करना होगा तथा अन्य सम्बन्धित कार्य सम्पादित करने होंगे।
10. फर्म को माह दिसम्बर में समस्त कार्मिकों की अनुमानित वार्षिक आय के आधार पर आयकर की गणना कर कटौती हेतु कार्यालय को सूचित करना होगा।
11. फर्म को माह फरवरी में कार्यालय के समस्त कार्मिकों के वार्षिक आय एवं कार्मिकों से प्राप्त बचत प्रमाण-पत्र के आधार पर आयकर की गणना करते हुए माह फरवरी के वेतन से कटौती की जाने वाली शेष आयकर राशि को कार्यालय को अवगत कराना।
12. फर्म को आंवटित कार्यो की कार्यावधि मे आयकर विभाग, जी.एस.टी. से यदि कोई पत्र व्यवहार / नोटिस इत्यादि प्राप्त होता है तो फर्म का उसका उचित निस्तारण करना होगा। इस सम्बन्ध में फर्म को कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।
13. फर्म द्वारा समय-समय पर कार्यालय की लेखा शाखा में TALLY संबंधित कार्य का पर्यवेक्षण कर समस्या (यदि कोई हो तो) के निराकरण के सम्बन्ध में सुझाव देने होंगे।
14. फर्म द्वारा कार्यालय की बैंक इत्यादि वित्तीय संस्थाओं में जमाओं पर की गई टी.डी.एस. कटौती के सम्बन्ध में समय पर आवश्यक कार्यवाही करनी होगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर